
राजस्थान क्लासेज

# पर्यावरण

## एवं पारिस्थितिकी

## अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न




DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

सामान्य ज्ञान
5000+ प्रश्न
For All Exam's
Free Download

SSC Exam's
CGL-CHSL-MTS-GD
Top Questions

राजस्थान सामान्य ज्ञान
हस्तलिखित नोट्स
निशुल्क डाउनलोड

Latest Job's Update
See All Update
Exam Date News

राजस्थान सामान्य ज्ञान
All Test Quiz
For AIL Exam's

PTET 2022
Complete Course
यहां से डाउनलोड करें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
Free - E-Book-1
For PTET-BSTC-RAS-LDC
पटवारी,वनरक्षक,ग्रामसेवक,कृषि पर्यवेक्षक

BSTC 2022
Complete Course
यहां से डाउनलोड करें

राजस्थान पुलिस कांस्टेबल
Complete Course
~~301/-~~ Now Free

भारत सामान्य ज्ञान
सम्पूर्ण टेस्ट क्विज
अपनी तैयारी को परखें

वनरक्षक वनपाल
सम्पूर्ण कोर्स
अब वर्दी लेना तय

टॉप 1000 प्रश्न
ई - बुक सामान्य ज्ञान
डाउनलोड करलो

# पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण ( Ecology and Environment )

- Environment शब्द की उत्पत्ति **फ्रेंच भाषा के Environner** से हुई है जिसका अर्थ है – "घिरा हुआ"
- **पारिस्थितिकी** (Ecology) शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग **अर्नेस्ट हैकेल ने 1869** में किया ! पारिस्थितिकी वह विज्ञान है जिसके अंतर्गत समस्त जीवों तथा भौतिक पर्यावरण के मध्य उनके अंतर संबंधों का अध्ययन किया जाता है !
- **पारिस्थितिकी तंत्र** ( Eco – System ) शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग **ए. जी. टांसले द्वारा 1935** में किया गया ! परिस्थितिकी तंत्र भौतिक तंत्रों का एक विशेष प्रकार होता है इसकी रचना जैविक तथा अजैविक संगठनों से होती है ! यह खुला तंत्र होता है !
- **सूक्ष्म जीवों को वियोजक** ( Decomposers ) भी कहा जाता है , यह मृत पौधों और जंतुओं के जैविक पदार्थ को सड़ा गला कर मृदा के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है ! **सूक्ष्मजीवों के अंतर्गत बैक्टीरिया तथा कवक** को शामिल किया जाता है !Paryavaran
- सूर्य से प्राप्त ऊर्जा पृथ्वी पर **विद्युत-चुंबकीय तरंगों** के रुप में प्राप्त होती है !
- जल पृथ्वी पर प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला **एकमात्र अकार्बनिक तरल पदार्थ** है !
- पृथ्वी पर जल की कुल मात्रा समान रहती है , जबकि यह एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित होता रहता है ! यह प्रक्रिया ही **जल चक्र** कहलाती है !Paryavaran
- **मानव पर्यावरण संबंध के नियतिवादी** ( Determinism ) **उपागम** के अनुसार मानव को पर्यावरण का एक तत्व माना जाता है , इसके अनुसार मानव प्रकृति के हाथ का खिलौना है , इसे पर्यावरण वादी उपागम भी कहते हैं !
- **मानव पर्यावरण संबंध के संभववादी** ( Possiblism ) **उपागम** के अनुसार मानव को पर्यावरण का एक सक्रिय तत्व मानते हैं , इसका विचार है कि मनुष्य प्रकृति पर विजय प्राप्त कर चुका है , तथा प्रकृति में मनचाहा परिवर्तन करने में समर्थ है ! ये प्राकृतिक संसाधनों के अतिदोहन पर विश्वास करते है !Paryavaran
- **मानव पर्यावरण संबंध के नव नियतिवादी** ( Neo – Determinism ) **उपागम** के अनुसार प्रकृति का अत्यधिक दोहन विनाशकारी बताया गया है ! इसके अनुसार मानव को प्रकृति के अनुसार अपनी विकास की नीतियां बनाना चाहिए ! **सतत विकास** ( Sustainable Development ) की अवधारणा का विचार इसी उपागम से लिया गया है !
- **सतत विकास** ( Sustainable Development ) का अर्थ है, वर्तमान की जरूरतों को पूरा करते हुऐ भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखना !Paryavaran

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

- **उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन** विषुवत रेखा के निकट उत्तरी व दक्षिणी गोलार्ध मैं पाए जाते हैं , जहां साल भर तापमान और आर्द्रता काफी उच्च रहती है , तथा औसत वार्षिक वर्षा 200 सेंटीमीटर से अधिक होती है ! **यहां विश्व की सर्वाधिक जैव विविधता** पाई जाती है ! इसे **डोलड्रम की पेटी** भी कहा जाता है !Paryavaran
- **टैगा वन** आँकर्टिक वृत्त ( 66.5 N ) के चारों और यूरोप , एशिया व उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में पाए जाते हैं ! इन्हें शंकुधारी वन भी कहते हैं ! इनका विस्तार **सभी वन क्षेत्रों में सर्वाधिक** है , जबकि जैव विविधता सबसे कम ! टैगा वन में सबसे अधिक मुलायम लकड़ी प्राप्त होती है ! **चीड़ , देवदार , फर , स्प्रूस** आदि मुलायम लकड़ियों बाले वृक्ष है जो इन बनों में पाऐ जाते हैं !
- विषुवत वृत्त से ध्रुवों की ओर बढ़ने पर जैव विविधता में कमी आती है !
- ऊंचाइयों की अपेक्षा घाटियों में जैव विविधता अधिक होती है !
- ताप अधिक होने पर जैव विविधता अधिक होती है !Paryavaran
- **क्षारीय** मृदा में उगने वाले पौधों को **हेलो फाइट्स** कहा जाता है !
- **लाल रंग** प्रकाश संश्लेषण के लिए सबसे उपयुक्त होता है !
- **लाइकेन** छोटी वनस्पतियों का समूह है , जो **कवक व शैवाल** द्वारा निर्मित होता है !
- दक्षिणी पश्चिमी **रूस** के घास के मैदानों को **स्टेपी** कहा जाता है !
- **दक्षिण अफ्रीका** के घास के मैदानों को **वेल्ड** कहा जाता है !
- **ब्राजील** के घास के मैदानों को **कैंपोस** कहा जाता है !

- **संयुक्त राज्य अमेरिका** के घास के मैदानों को **प्रेयरी** कहा जाता है !
- **दक्षिण अमेरिका** के घास के मैदानों को **पंपास** कहा जाता है !
- **ऑस्ट्रेलिया** के घास के मैदानों को **डाउंस** कहा जाता है !
- **न्यूजीलैंड** के घास के मैदानों को **कैंटरबरी** कहा जाता है !Paryavaran
- पौधे क्लोरोफिल की उपस्थिति में सूर्य के प्रकाश द्वारा जल व ऑक्सीजन को ग्लूकोस में बदलते हैं , सूर्य के प्रकाश को **रासायनिक ऊर्जा** के रूप में संचित कर अन्य जीवो के लिए भोजन उत्पादित करने के गुण के कारण ही **हरे पौधों को प्राथमिक उत्पादक** कहा जाता है !
- जो जीव अपने भोजन के लिए केवल प्राथमिक उत्पादकों पर निर्भर होते है , उन्हें **प्राथमिक उपभोक्ता** या शाकाहारी कहा जाता है ! उदाहरण – चूहा , खरगोश , गाय , हिरण , बकरी आदि ! इन्हें **द्वितीयक उत्पादक** भी कहा जाता है !Paryavaran
- बे जीब जो अपने भोजन के लिए प्राथमिक उपभोक्ताओं पर निर्भर होते हैं , उन्हें **द्वितीयक उपभोक्ता** या मांसाहारी कहा जाता है !
- बे जीब जो द्वितीयक उपभोक्ताओं को अपना भोजन बनाते हैं , उन्हें **तृतीयक श्रेणी के उपभोक्ता** कहते हैं

- ऐसे जीव जो सभी श्रेणी के मांसाहारियों का शिकार करते हैं , **उच्च स्तरीय उपभोक्ता** कहलाते हैं ! इनकी विशेषता यह होती है कि कोई अन्य जीव इन्हे मारकर नहीं खा सकता !
- ऐसे जीव जो भोजन के रूप में पादपों , शाकाहारी व मांसाहारियों पर निर्भर होते हैं , उन्हें **सर्वभक्षी** कहा जाता है ! **मनुष्य** इसका उदाहरण है !Paryavaran
- **परजीवी ( Parasites )** वे होते हैं जो अपने भोजन तथा निवास दोनों के लिए ही दूसरों पर निर्भर रहते हैं ! मानव व पशुओं में लगने वाली जूं , पशुओं की खाल पर चिपकने वाली किलनी इसके प्रमुख उदाहरण है !
- **प्रिडेटर्स ( Predators )** ऐसे जीव होते हैं जो केवल भोजन के लिए दूसरे जीवो पर निर्भर होते हैं !
- **आधार प्रजाति** उस पर प्रजाति को कहा जाता है जो अन्य प्रजातियों के निर्माण व संरक्षण में आवश्यक व महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ! **समुद्री प्रवाल ( मूंगा या कोरल )** इसका अच्छा उदाहरण है , कोरल , कोरल रीफ का निर्माण करती है , जो अन्य जातियों के लिए निवास व प्रजनन स्थल के रूप में काम करती है !Paryavaran
- **अंब्रेला प्रजाति** एक विशाल जंतु या समुदाय होता है ! जिस एक प्रमुख प्रजाति के कारण अन्य प्रजातियों को स्वतः सुरक्षा मिल जाए उस मुख्य प्रजाति को अंब्रेला प्रजाति कहा जाता है ! जिस प्रकार बाघ को विशेष सुरक्षा देने के लिए टाइगर रिजर्व घोषित किये जाते है इससे न केवल बाघ को बल्कि उस स्थान की अन्य प्रजातियां भी सुरक्षित हो जाती है , उसी प्रकार इस रिजर्व घोषित क्षेत्र में बाघ एक अंब्रेला प्रजाति है !
- **की – स्टोन प्रजाति** उस प्रजाति को कहा जाता है जो अपने परिस्थिति तंत्र में अत्यधिक प्रभाव रखती है ! की स्टोन प्रजाति के निर्धारण में उस प्रजाति के जीवो की अधिक संख्या को नहीं , बल्कि परितंत्र में उसके कार्यों की गणना की जाती है ! Paryavaran
- **संकेतक प्रजाति** किसी पौधे या जंतु की ऐसी प्रजाति है , जो पर्यावरण परिवर्तन के प्रति बहुत अधिक संवेदनशील होती है ! इसका अर्थ है कि जो प्रजातियां पारिस्थिति तंत्र की हानि होने का शीघ्र संकेत करती है , संकेतक प्रजातियां कहलाती है ! जैसे वायु प्रदूषण की अधिकता की जांच के लिए लाइकेन तथा जल प्रदूषण के संकेतक के रूप में मछली को संकेतक प्रजाति माना जाता है !
- हरे पेड़ पौधे प्रकाश संश्लेषण क्रिया द्वारा सौर या प्रकाश ऊर्जा को **रासायनिक ऊर्जा (ग्लूकोज)** में परिवर्तित करते हैं !
- किसी क्षेत्र में प्राथमिक उत्पादक ( हरे पेड़ पौधे ) द्वारा प्रति इकाई सतह में , प्रति इकाई समय में सकल संचित ऊर्जा की मात्रा को **पारिस्थितिकी उत्पादकता ( Ecological Productivity )** कहते हैं !
- प्राथमिक उत्पादक ( हरे पेड़ पौधे ) द्वारा आत्मसात की गई कुल ऊर्जा की मात्रा को **सकल प्राथमिक उत्पादन ( GPP )** कहते हैं !

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

- सकल प्राथमिक उत्पादन ( GPP ) में से श्वसन द्वारा नष्ट ऊर्जा की मात्रा को घटाने पर प्राप्त सकल ऊर्जा को **शुद्ध प्राथमिक उत्पादन ( NPP )** कहते हैं !
- विश्व की **औसत शुद्ध प्राथमिक उत्पादकता (NPP) 320 ग्राम प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष है** , जबकि उष्णकटिबंधीय वर्षा वन तथा दलदली क्षेत्र व एस्चुअरी में विश्व की सर्वाधिक शुद्ध प्राथमिक उत्पादकता (NPP) 2000 ग्राम प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष पाई जाती है !
- किसी भी परिस्थिति तंत्र में प्रति इकाई समय एवं प्रति इकाई क्षेत्र में जीवित पदार्थों के सकल शुष्क भार को **बायोमास ( Biomass )** कहा जाता है !
- **इकोटोन** दो भिन्न-भिन्न बायोम के बीच का क्षेत्र है ! इन जगहों में दो अलग-अलग समुदाय की प्रजातियों का मेल होता है ! ऐसे स्थानों पर रहने वाली प्रजातियां जलवायु से अनुकूल करने में अधिक सक्षम होती है !
- पृथ्वी तक पहुंचने वाली सौर ऊर्जा का करीब **1% भाग कि प्रकाश संश्लेषण** की क्रिया में प्रयुक्त होता है
- ऊर्जा स्थानांतरण के 10 प्रतिशत के नियम के अनुसार एक पोषण स्तर से दूसरे पोषण स्तर पर मात्र 10% ऊर्जा ही स्थानांतरित होती है , **इस नियम को 1942 में लिंडेमान** ने प्रतिपादित किया था !
- उष्मागतिकी के **प्रथम नियम को ऊर्जा संरक्षण का नियम** भी कहते हैं इसके अनुसार ना तो ऊर्जा का सृजन होता है और ना ही विनाश , ऊर्जा का सिर्फ एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तन होता है !
- **उष्मागतिकी का द्वितीय नियम पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा के प्रवाहित होने की दिशा** से संबंधित है , इसके अनुसार ऊष्मा सदैव अधिक ताप से निम्न ताप की ओर प्रवाहित होती है !
- **पारिस्थितिकी पिरामिड** की अवधारणा का प्रतिपादन चार्ल्स एटन 1927 में किया था !
- खेती सबसे प्राचीन पद्धति **झूम खेती** है !
- 3600 मीटर से अधिक ऊंचाई पर पाई जाने वाली वनस्पति को **अल्पाइन बायोम** की श्रेणी में रखा जाता है !
- वायुमंडल में **सर्वाधिक नाइट्रोजन गैस (78%)** पाई है !
- वायुमंडल में **आर्गन गैस की मात्रा 0.93%** है !
- वायुमंडल में **कार्बन डाइऑक्साइड गैस की मात्रा 0.03%** है !
- वनस्पतियों के सड़ने से मीथेन गैस निकलती है !
- पीट मृदा में सर्वाधिक कार्बनिक पदार्थ पाए जाते है !
- अल्फा – अल्फा एक प्रकार की घांस है !
- मटियार मिट्टी (Clay Soil) की जलधारण क्षमता सभी मिट्टियों में सर्वाधिक होती है !
- गहन पारिस्थितिकी ( Deep Ecology ) शब्द के जनक **अर्निस नेस** है !
- जैविक अजैविक तत्वों का चक्र **जैव भू रासायनिक चक्र** ( Bio-Geochemical Cycle ) के रूप में चलता है !

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:- राजस्थान क्लासेज

- ज्वालामुखी विस्फोट से **फास्फोरस चक्र** पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है !
- **सर्वाधिक लवणता मृत सागर** में पाई जाती है !
- **ग्रेट बैरियर रीफ ऑस्ट्रेलिया** के पूर्वी तट पर प्रशांत महासागर में स्थित है !
- मध्यप्रदेश के **बालाघाट जिले में सर्वाधिक वन आवरण** क्षेत्र है !
- **महासागरों की औसत लवणता 35%** होती है !
- बन में पेड़ों की छाल पर लगने वाले सफेद पदार्थ को **लाइकेन** कहा जाता है !
- सर्वाधिक **स्थाई पारिस्थितिक तंत्र महासागर** है !

## Environment से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण Question and Answer

Que – कौन-कौन सी गैसें ग्रीन हाउस प्रभाव के लिए उत्तरदाई है ?

**Ans – कार्बन डाइऑक्साइड , मीथेन , नाइट्रस ऑक्साइड , जलवाष्प और क्लोरोफ्लोरोकार्बन**

Que – ग्लोबल वार्मिंग के लिए सर्वाधिक उत्तरदाई गैस कौन सी है ?

**Ans – कार्बन डाइऑक्साइड**

Que –जुगाली करने वाले पशु किस ग्रीन हाउस गैस को उत्पन्न करते हैं ?

**Ans – मीथेन**

Que –ग्रीन हाउस गैसों की संकल्पना किसने दी थी ?

**Ans – जोसेफ फोरियर ने**

Que –कौन सा राज्य भारत का प्रथम कार्बन मुक्त राज्य बन गया है ?

**Ans – हिमाचल प्रदेश**

Que –क्योटो प्रोटोकॉल क्या है ? Environment and Ecology

**Ans – यह ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के उपाय करने के लिए विभिन्न देशों के बीच करार है**

Que –ओजोन छिद्र का निर्माण सर्वाधिक कहां है ?

**Ans – अंटार्कटिका के ऊपर**

Que –मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का संबंध किससे है ?

**Ans – मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ओजोन परत के संरक्षण से संबंधित है**

Que –कौन सा वर्णक वनस्पति को पराबैंगनी किरणों के दुष्प्रभाव से बचाता है ?

**Ans – कैरोटिनॉइड**

Que – UNEP ( United Nations Environment Program ) का मुख्यालय कहां है ?

**Ans – नैरोबी (केन्या)**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

Que – इकोमार्क किन भारतीय उत्पादों को दिया जाता है ?

**Ans – इकोमार्क उन भारतीय उत्पादों को दिया जाता है, जो पर्यावरण के प्रति मैत्रीपूर्ण हो**

Que – केन्या की नोबेल पुरस्कार विजेता वंगारी मथाई किस क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जानी जाती है ?

**Ans – धारणीय विकास ( Sustainable Development) में योगदान के लिए ! इन्होंने केन्या के ग्रीन बेल्ट मूवमेंट का नेतृत्व किया था !**

Que – EPA का पूर्ण रूप क्या है ? Environment and Ecology

**Ans – Environmental Protection Agency ( यह पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता अभियान से संबंधित अमेरिका का संगठन है )**

Que – अंतर्राष्ट्रीय अम्ल वर्षा सूचना केंद्र कहां स्थापित किया गया है ?

**Ans – ओस्लो में**

Que – मेधा पाटेकर कौन है ?

**Ans – नर्मदा बचाओ आंदोलन से संबंधित मेधा पाटेकर पर्यावरणविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता है**

Que – राष्ट्रीय पर्यावरण शोध संस्थान कहां स्थित है ?

**Ans – नागपुर (महाराष्ट्र)**

Que – ग्रीनपीस क्या है ?

**Ans – पर्यावरण समर्थकों का एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन**

Que – ग्लोबल – 500 पुरस्कार किससे संबंधित है ?

**Ans – पर्यावरण प्रतिरक्षा से संबंधित**

Que – आईएसओ 14001 क्या है ? Environment and Ecology

**Ans – एक अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन , जो प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली स्थापित करने वाली औद्योगिक इकाइयों को दिया जाता है !**

Que – राजीव गांधी वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार दिया जाता है ?

**Ans – भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा राजीव गांधी वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार की शुरुआत 1998 में की गई थी ! यह पुरस्कार वन्य जीव संरक्षण एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों तथा फील्ड वर्करों को प्रदान किया जाता है !**

Que – ओजोन परत के संरक्षण का अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 16 सितंबर को**

Que – हरित विकास (ग्रीन डेवलपमेंट) पुस्तक का लेखक कौन है ?

**Ans – W. M. ऐडम्स**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

Que – हरा सूचकांक (ग्रीन इंडेक्स) किसके द्वारा विकसित किया गया है ?

**Ans – विश्व बैंक द्वारा**

Que – राष्ट्रीय वन अनुसंधान संस्थान कहां स्थित है ?

**Ans – देहरादून में**

Que – भारतीय वानस्पतिक सर्वेक्षण (बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया) का मुख्यालय कहां है ?

**Ans – कोलकाता**

Que – भोपाल गैस त्रासदी में किस गैस का रिसाव हुआ था ? Environment and Ecology

**Ans – मिथाइल आइसो साइनाइड (MIC)**

Que – वातावरण में क्लोरो फ्लोरो कार्बन उत्सर्जन पर प्रतिबंध लगाने संबंधी प्रथम प्रोटोकॉल कहां बना था ?

**Ans – मॉन्ट्रियल कनाडा**

Que – पारिस्थितिकी विज्ञान केंद्र कहां स्थित है ?

**Ans – बेंगलुरु में**

Que – सलीम अली कौन थे ?

**Ans – एक विख्यात पक्षी विज्ञानी**

Que – 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस सबसे पहले किस वर्ष मनाया गया ?

**Ans – 1973**

Que – भारत में वन महोत्सव दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – यह महोत्सव जुलाई के प्रथम सप्ताह यानी 1 जुलाई 7 जुलाई तक मनाया जाता है**

Que – जुलाई 1950 में "अधिक पेड़ उगाओ" अभियान का उद्घाटन किसने किया था ?

**Ans – के एम मुंशी**

Que – किस संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन को पृथ्वी शिखर सम्मेलन नाम दिया गया है ? Environment and Ecology

**Ans – पर्यावरण विकास पर वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन को**

Que – भारत में कभी-कभी हरित मंत्रालय कहा जाने वाला मंत्रालय कौन सा है ?

**Ans – पर्यावरण एवं वन मंत्रालय**

Que – ग्रीन मफलर किससे संबंधित है ?

**Ans – ध्वनि प्रदूषण से**

राजस्थान क्लासेज

Que – भारत की सबसे बड़ी सिंचाई नहर का नाम क्या है ?
**Ans – इंदिरा गांधी नहर (राजस्थान)**
Que – भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया ?
**Ans – 1972**
Que – भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया ?
**Ans – 1986**
Que – भारत में जैव विविधता अधिनियम कब लागू किया गया ? Environment and Ecology
**Ans – 2002 में**
Que – मीठे पानी की कल्पसर परियोजना कहां स्थित है ?
**Ans – यह परियोजना गुजरात की खंभात की खाड़ी में स्थित है**
Que – भारतीय वन सेवा की स्थापना कब की गई ?
**Ans – 1 जुलाई 1966 को**
Que – जल की कठोरता को दूर करने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है ?
**Ans – जल का मृदुकरण**
Que – समुद्री जल को किस प्रक्रिया से शुद्ध किया जा सकता है ?
**Ans – आसवन से**
Que – प्रकृति में पानी के सबसे शुद्ध रूप क्या है ?
**Ans – वर्षा जल**
Que – अपनी प्रदूषकों के कारण कौन सी नदी जैविक मरुस्थल कहलाती है ?
**Ans – दामोदर नदी**
Que – भूमिगत जल को दूषित करने वाले अजैविक प्रदूषक कौन सा है ?
**Ans – आर्सेनिक**
Que – संसार के स्वच्छ जल का कितना प्रतिशत हिमानी बर्फ के रूप में भंडारित हैं ?
**Ans – 70%**
Que – धूम कोहरा का कारण क्या है ? Environment and Ecology
**Ans – वायुमंडल में प्रदूषण तत्वों के प्रकाश रासायनिक ऑक्सीकरण द्वारा निर्मित उत्पादों का तीव्र जमाव**
Que – अम्ल वर्षा होती है ?
**Ans – बादल के जल एवं सल्फर डाइऑक्साइड प्रदूषकों के मध्य प्रतिक्रिया के फलस्वरुप**
Que – Que – काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किसके लिए जाना जाता है ?
**Ans – एक सींग वाले गैंडों के लिए**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

# इन्हें भी जरूर पढ़े?

आदर्श कुमावत (राजस्थान क्लासेज)

SUBSCRIBE US ON WEBSITE RAJASTHAN CLASSES

- विषय अनुसार इ-बुक देखे यहाँ से
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions

राजस्थान क्लासेज

---

## कम्प्यूटर ज्ञान

SUBSCRIBE US ON WEBSITE RAJASTHAN CLASSES

YouTube

Websites

Que – राजीव गांधी राष्ट्रीय उद्यान कहां अवस्थित है ?

**Ans – राजस्थान में**

Que – रणथंबोर राष्ट्रीय उद्यान का नाम परिवर्तित करके क्या रखा गया है ?

**Ans – राजीव गांधी राष्ट्रीय उद्यान**

Que – फूलों की घाटी कहां अवस्थित है ?

**Ans – उत्तराखंड में**

Que – सलीम अली राष्ट्रीय उद्यान कहां अवस्थित है ?

**Ans – जम्मू कश्मीर श्रीनगर में**

Que – राजाजी राष्ट्रीय पार्क किसके लिए प्रसिद्ध है ?

**Ans – एशियाई हाथी के लिए**

Que – मध्यप्रदेश का राजकीय पक्षी कौन सा है ?

**Ans – दूधराज या शाह बुलबुल**

अवश्य पढ़ें – **GK Trick – ज्वालामुखी से निकलने वाली गैसें**

Que – मध्यप्रदेश के किस राष्ट्रीय उद्यान को प्रोजेक्ट टाइगर में सबसे पहले शामिल किया गया ?

**Ans – कान्हा किसली**

Que – टाइगर राज्य किस राज्य को कहा जाता है ?

**Ans – मध्य प्रदेश को**

Que – एशियाई बब्बर शेर का निवास कहां है ?

**Ans – गिर वन राष्ट्रीय उद्यान गुजरात**

Que – भारत के किस क्षेत्र को सहाद्रि कहा जाता है ?

**Ans – पश्चिमी घाट को**

Que – जैव विविधता की दृष्टि से भारत का सबसे धनी स्थल कौन सा है ?

**Ans – पश्चिमी घाट**

Que – पूर्वी घाट एवं पश्चिमी घाट का मिलन स्थल कहां है ?

**Ans – नीलगिरी की पहाडियां (तमिलनाडु)**

Que – जंगली गधा अभ्यारण कहां है ?

**Ans – गुजरात में**

Que – भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है एवं इसे कब अवस्थित किया गया था ?

**Ans – जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान (वर्ष 1936 में अवस्थित किया गया)**

Que – जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान का पुराना नाम क्या था?

**Ans – हेली राष्ट्रीय उद्यान**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

Que – गिर राष्ट्रीय उद्यान के एशियाई शेरों को रखे जाने हेतु किस राष्ट्रीय उद्यान अभ्यारण का चयन किया गया है ?

**Ans – पालपुर कुनो मध्य प्रदेश**

Que – विश्व का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन कौन सा है ?

**Ans – भारत में पश्चिम बंगाल में स्थित सुंदरवन**

Que – भारत में सर्वाधिक मैंग्रोव वनस्पति (ज्वारीय वन) कहां पाई जाती है ?

**Ans – सुंदरबन पश्चिम बंगाल**

अवश्य पढ़ें – **GK Trick – भारत की बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाऐं**

Que – गंगा डेल्टा की मैंग्रोव वनों को क्या कहा जाता है ?

**Ans – सुंदरबन**

Que – सुंदरी वृक्ष किस प्रकार की वनस्पति है ?

**Ans – मैंग्रोव वनस्पति**

Que – भारत में वर्षा वन कहां पाए जाते हैं ?

**Ans – उत्तर पूर्वी हिमालय और पश्चिम घाट में**

Que – क्रिकेट बैट के लिए विलो कहां से प्राप्त होता है ?

**Ans – विलो नामक लकड़ी से क्रिकेट बैट बनाए जाते हैं , यह लकड़ी शंकुव्रक्षि वन से प्राप्त होती है**

Que – उपयुक्त पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए कुल क्षेत्रफल के कितने प्रतिशत पर वन आवश्यक है ?

**Ans – 33% प्रतिशत**

Que – चिपको आंदोलन उत्तराखंड के किस जिले से प्रारंभ हुआ ?

**Ans – चमोली**

Que – नंदा देवी जीवमंडल किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – उत्तराखंड**

Que – भारत का प्रथम तितली उद्यान कहां स्थित है ?

**Ans – बन्नरघट्टा जैविक उद्यान (बेंगलुरु)**

Que – माजुली दीप संसार का सबसे बड़ा नदी दीप है , जो कि किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर**

Que – मौन घाटी (साइलेंट वेली) किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – केरल**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

Que – दाचीगाम अभ्यारण्य किसके लिए प्रसिद्ध है ?

**Ans – जम्मू कश्मीर में स्थित दाचीगाम अभ्यारण्य एकमात्र अभ्यारण है जहां कश्मीरी महामृग (हांगुल) पाया जाता है**

Que – भारत में समुद्री गाय किस बायोस्फीयर रिजर्व में पाई जाती है ?

**Ans – भारत में समुद्री गाय मन्नार की खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व में पाई जाती है**

Que – पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी किए गए इंडियन स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2015 के अनुसार भारत की पूरी भौगोलिक क्षेत्र का कितना प्रतिशत क्षेत्र बनो और पेड़ों से आच्छादित है ?

**Ans – 24.16 प्रतिशत**

Que – भारत की जलवायु परिवर्तन पर प्रथम राष्ट्रीय क्रिया योजना कब प्रकाशित हुई ?

**Ans – भारत की जलवायु परिवर्तन पर प्रथम राष्ट्रीय क्रिया योजना ( NAPCC – National Action Plan on Climate Change ) वर्ष 2008 में प्रकाशित हुई थी !**

Que – विश्व का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जन देश कौन सा है ?

**Ans – विश्व का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश चीन है , जिसकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में 28% की हिस्सेदारी है !**

Que – यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज ( UNFCCC ) एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है इसका गठन कब हुआ ?

**Ans – रियो डी जेनेरियो में 1992 में संयुक्त राष्ट्र संघ के पर्यावरण और विकास सम्मेलन में इसका गठन किया गया !**

Que – पहला पृथ्वी सम्मेलन कहां हुआ ?

**Ans – रियो डी जेनेरियो में 1992 में**

Que – डाबसन इकाई का उपयोग कहां किया जाता है ?

**Ans – ओजोन परत की मोटाई मापने में**

Que – विश्व की ग्रीन हाउस गैसों में भारत का अधिभाग कितना है

**Ans – 5%**

Que – कार्बन क्रेडिट की संकल्पना किस सम्मेलन में उपजी ?

**Ans – कार्बन क्रेडिट की संकल्पना क्योटो प्रोटोकॉल 1997 से उद्भूत हुई !**

Que – विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति कौन सी है ?

**Ans – ऑस्ट्रेलिया में स्थित द ग्रेट बैरियर रीफ**

Que – ओजोन परत कहां पाई जाती है ?

**Ans – ओजोन परत समताप मंडल के निचले भाग में 15 से 35 किलोमीटर के बीच स्थित है**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

Que – वायुमंडल कई प्रकार की गैसों का मिश्रण से बना है पृथ्वी के नजदीक वायुमंडल में मुख्यतः कौन सी गैस पाई जाती है ?

**Ans – पृथ्वी के नजदीक वायुमंडल में मुख्यता नाइट्रोजन गैस पाई जाती है**

Que – उत्तराखंड में मनाए जाने वाला "हरेला" पर्व किससे संबंधित है ?.

**Ans – पौधरोपण से**

Que – खाद्य श्रंखला (फूड चेन) में मानव है ?

**Ans – खाद्य श्रंखला ( फूड चेन ) में मानव प्राथमिक एवं द्वितीयक उपभोक्ता दोनों होता है , क्योंकि वह शाकाहारी व मांसाहारी दोनों प्रकार के खाद्य ग्रहण कर सकता है !**

Que – दो भिन्न समुदायों के बीच का संक्रांति क्षेत्र क्या कहलाता है ?

**Ans – इकोटोन ( Ecoton )**

Que – कौन सा वृक्ष पारिस्थितिकी आतंकवादी माना जाता है ?

**Ans – यूकेलिप्ट्स को पारिस्थिति आतंकवादी माना जाता है ! यूकेलिप्ट्स के कारण पृथ्वी का जल स्तर घट जाता है , तथा निकटस्थ भूमि की उर्वरा शक्ति का ह्रास होता है !**

Que – कौन सा पारिस्थितिकी तंत्र पृथ्वी के सर्वाधिक क्षेत्रफल पर फैला हुआ है ?

**Ans – महासागरीय पारिस्थितिकी तंत्र**

Que – कौन सा पारिस्थितिकी तंत्र सर्वाधिक स्थाई पारिस्थितिकीय तंत्र है ?

**Ans – महासागरीय पारिस्थितिकी तंत्र**

Que -पारिस्थितिकी तंत्र में उच्चतम पोषण स्तर प्राप्त होता है ?

**Ans – सर्वाहारी को – क्योंकि यह शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के भोज्य पदार्थों को ग्रहण करते हैं , जिसकी वजह से उनको उच्चतम पोषण स्तर प्राप्त होता है**

Que -पारिस्थितिकी के जनक किसको माना जाता है ?

**Ans – परिस्थिति के जनक जर्मन वैज्ञानिक "अर्नेस्ट हैकल" है , इन्होंने ही सर्वप्रथम पारिस्थितिकी शब्द का प्रयोग किया था !**

Que -"पारिस्थितिकी तंत्र" की संकल्पना को सबसे पहले किसने प्रस्तावित किया ?

**Ans – ए. जी.टांसले**

Que -"पारिस्थितिकी स्थाई अर्थव्यवस्था है" यह किस आंदोलन का नारा है ?

**Ans – चिपको आंदोलन का**

Que – "परिस्थितिकी स्थाई अर्थव्यवस्था है" यह नारा किसके द्वारा दिया गया ?

**Ans – सुंदरलाल बहुगुणा**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

Que -कौन से बनों में सर्वाधिक जैव विविधता पाई जाती है ?

**Ans – उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों में सर्वाधिक जैव विविधता पाई जाती है**

Que – द ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल मुख्यता भारत में किस क्षेत्र में पाए जाते है ?

**Ans – भारत में द ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल पश्चिम घाट क्षेत्र के वनों में पाए जाते है**

Que -नेपाल तथा भारत में वन्य जीव संरक्षण प्रयासों के रूप में "सेव (SAVE): नामक एक नया संगठन प्रारंभ किया गया है , सेव का उद्देश्य क्या है ?

**Ans – टाइगर का संरक्षण करना**

Que -भारत में सबसे बड़ा बाघ आवास ( Tiger Reserve ) कौन सा है ?

**Ans – आंध्र प्रदेश में स्थित नागार्जुन सागर श्रीशैलम टाइगर रिजर्व**

Que -विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति किस देश के तट के निकट पाई जाती ?

**Ans – ऑस्ट्रेलिया में स्थित "द ग्रेट बैरियर रीफ" विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति है ! ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी भाग पर कोरल सागर में स्थित एक अवरोधक प्रवाल भित्ति है , इसे वर्ष 1981 में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था !**

Que – " टॉप स्लिप " के नाम से किस राष्ट्रीय उद्यान को जाना जाता है ?

**Ans – इंदिरा गांधी वन्यजीव अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान को**

Que -किसी प्रजाति को विलुप्त माना जा सकता है , जब वह अपने प्राकृतिक आवास में नहीं देखी गई हो ?

**Ans – 50 वर्षों से**

Que – बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – कर्नाटक**

Que – मानस वन्यजीव अभ्यारण किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – असम**

Que – पेरियार वन्यजीव अभ्यारण किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – केरल**

Que – सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – उड़ीसा**

सलीम अली राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – जम्मू कश्मीर**

Que – भारत का प्रथम तितली उद्यान कहां स्थित है ?

**Ans – बन्नरघट्टा जैविकी उद्यान बेंगलुरु**

Que – पीलीभीत राष्ट्रीय उद्यान कहां स्थित है ?

**Ans – उत्तर प्रदेश**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

Que – राजाजी राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – उत्तराखंड**

**अवश्य पढ़ें – GK Trick – चट्टानों की समस्त जानकारी व ट्रिक्स**

Que – नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – कर्नाटक**

Que – काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – असम**

Que – इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – छत्तीसगढ़**

Que – पलामू राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – झारखंड**

Que – कौन सा बाघ आरक्षित क्षेत्र दो राज्यों में स्थित है ?

**Ans – पेंच बाघ आरक्षित क्षेत्र का विस्तार मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में है**

Que – काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किसके लिए जाना जाता है ?

**Ans – एक सींग वाले गैंडे के लिए**

Que – गर्म पानी अभ्यारण किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – असम**

Que – नामदफा अभ्यारण किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – अरुणाचल प्रदेश**

Que – बुक्सा बाघ परियोजना भारत के किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – पश्चिम बंगाल**

Que – भरतपुर पक्षी विहार राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – राजस्थान**

Que – दाचीगाम राष्ट्रीय पार्क किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – जम्मू कश्मीर**

Que – दाम्पा टाइगर रिजर्व किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – मिजोरम**

Que – संजय राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – मध्य प्रदेश**

Que – हरिके आर्द्रभूमि किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – पंजाब**

राजस्थान क्लासेज

Que – कांगेर घाटी राष्ट्रीय पार्क कहां स्थित है ?

**Ans – छत्तीसगढ़**

Que – कौनसा राष्ट्रीय उद्यान सफेद बाघों के लिए प्रसिद्ध है ?

**Ans – मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में स्थित बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान**

Que – वर्तमान में भारत में कितने टाइगर रिजर्व है ?

**Ans – 50**

Que – वर्तमान में भारत में बायोस्फीयर रिजर्व की संख्या कितनी है ?

**Ans – 18**

Que – वर्तमान में भारत के कितने स्थल यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल है ?

**Ans – 36**

Que – वर्तमान में भारत में कितने राष्ट्रीय उद्यान है

**Ans – 103**

**GK Trick – क्रषि व इसकी विधियां**

Que – वर्तमान में भारत में हाथी रिजर्व की संख्या कितनी है

**Ans – 32**

Que – वर्तमान में भारत में कितनी रामसर वेटलैंड साइट है

**Ans – 26**

Que – चिनार वन्यजीव विहार किस राज्य में स्थित है

**Ans – केरल**

Que – वन विहार राष्ट्रीय उद्यान कहां स्थित है ?

**Ans – मध्य प्रदेश के भोपाल में**

Que – भारत का राष्ट्रीय सामुद्रिक पार्क कहां स्थित है ?

**Ans – कच्छ की खाड़ी में**

Que – भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम कब पारित किया गया ?

**Ans – 1986 में**

Que – विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 5 जून**

Que – भारत में सर्वप्रथम जैव विविधता अधिनियम कब पारित किया गया ?

**Ans – सन 2002**

Que – “जैव विविधता (Biodiversity)” शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग कब और किसने किया ?

**Ans – Walter G. Rosen ने 1986 मे**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

Que – राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण का मुख्यालय भारत में कहां स्थित है ?

**Ans – चेन्नई में**

Que – रेड डाटा बुक क्या है ? Ecology and Environment

**Ans – विलुप्त होने की कगार पर खड़ी संकटग्रस्त पौधों और पशुओं की सूची**

Que – रेड डाटा बुक किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन के द्वारा निकाली जाती है ?

**Ans – IUCN (International Union for Conservation of Nature) के द्वारा**

Que – IUCN (International Union for Conservation of Nature) का मुख्यालय कहां है ?

**Ans – ग्लैंड (स्विट्जरलैंड)**

**अवश्य पढ़ें – GK Trick – अन्तराष्ट्रीय संग़ठन व उनके मुख्यालय**

Que – रेड डाटा बुक को पहली बार कब प्रदर्शित किया गया ?

**Ans – 1966 में**

Que – रेड डाटा बुक में संकटापन्न जीवों को किस रंग से दर्शाया गया है ?

**Ans – पिंक**

Que – संयुक्त राष्ट्र द्वारा कौन से दशक को जैव विविधता दशक घोषित किया गया है ?

**Ans – 2011 से 2020**

Que – रामसर संधि किससे संबंधित है ? Ecology and Environment

**Ans – आद्र भूमियों संरक्षण व संवर्धन से संबंधित**

Que – विश्व आद्र दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 2 फरवरी**

Que – विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 22 मार्च**

Que – विश्व पृथ्वी दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 22 अप्रैल**

Que – विश्व जैव विविधता संरक्षण दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 22 मई**

Que – पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 5 जून**

Que – विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 26 नवंबर**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

Que – ओजोन दिवस कब मनाया जाता है ? Ecology and Environment

**Ans – 16 सितंबर**

**अवश्य पढ़ें – GK Trick – ग्रीन हाउस गैसें (Green House Gases)**

Que – विश्व प्रवासी पक्षी दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 8 मई**

Que – विश्व वन्य प्राणी दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 6 अक्टूबर**

Que – भारत में विश्व की कितनी प्रतिशत जैव विविधता है ?

**Ans – 7 से 8 प्रतिशत**

Que – राष्ट्रीय प्रवाल भित्ति अनुसंधान केंद्र कहां स्थित है ?

**Ans – पोर्ट ब्लेयर में**

Que – अंतर्राष्ट्रीय टाइगर दिवस कब मनाया जाता है ?

**Ans – 29 जुलाई को**

Que – "इकोलॉजी" शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?Ecology and Environment

**Ans – अर्नेस्ट हैकेल ने**

Que – "इकोसिस्टम" शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?

**Ans – ए. जी. टांसले**

Que – "बायोस्फीयर रिजर्व" शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?

**Ans – एडवर्ड सुएस ने**

Que – भारत में "प्रोजेक्ट टाइगर" कब शुरू किया गया ?

**Ans – 1973 में**

Que – भारत का राष्ट्रीय जैविक उद्यान कहां स्थित है ?

**Ans – नई दिल्ली में**

Que – भारत का सर्वप्रथम राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है ? Ecology and Environment

**Ans – जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान (उत्तराखंड – 1921 )**

Que – राजीव गांधी नेशनल पार्क कहां अवस्थित है ?

**Ans – कर्नाटक में**

Que – नागरहोल राष्ट्रीय पार्क (कर्नाटक) को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?

**Ans – राजीव गांधी नेशनल पार्क**

Que – केरल में स्थित पेरियार अभ्यारण किस लिए प्रसिद्ध है ?

**Ans – जंगली हाथियों के लिए**

राजस्थान क्लासेज

Que – यूनेस्को द्वारा मैन एंड बायोस्फियर प्रोग्राम (MAB) क्या है एवं इसकी शुरुआत कब हुई ?

**Ans – यूनेस्को का मैन एंड बायोस्फियर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों एवं उनके पर्यावरण के मध्य संबंधों में सुधार है , इसकी शुरुआत 1971 में हुई !**

Que – "ग्रेट हिमालय राष्ट्रीय पार्क" जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है कहां स्थित है ?

**Ans – हिमाचल प्रदेश में**

Que – भारत में ताजे पानी की सबसे बड़ी झील कौन सी है ? Ecology and Environment

**Ans – लोकटक झील भारत में ताजे पानी की सबसे बड़ी झील है , जो कि मणिपुर में स्थित है**

Que – नंदा देवी जैव मंडल आरक्षित क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – उत्तराखंड**

Que – "शीत मरुस्थल(Cold Desert)" जैव मंडलीय आरक्षित क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – हिमाचल प्रदेश**

Que – भारत में हाथी परियोजना कब शुरु की गई ?

**Ans – 1992 में**

Que – जंगली गधों का अभयारण्य भारत में कहां स्थित है ?

**Ans – जंगली गधों का अभ्यारण गुजरात राज्य के कच्छ के रण में स्थित है , लगभग 5000 वर्ग किलोमीटर में फैला यह भारत का सबसे बड़ा वन्य जीव अभ्यारण है ! जिसकी स्थापना 1972 में की गई थी !**

Que – एक सींग वाला गेंडा भारत के किन राज्यों में पाया जाता है ? Ecology and Environment

**Ans – पश्चिम बंगाल एवं असम**

Que – गिर के शेरों को रखे जाने हेतु किस राष्ट्रीय पार्क / अभ्यारण का चयन किया गया है ?

**Ans – श्योपुर (मध्य प्रदेश) जिले में पालपुर कुनो नामक वन्य जीव अभ्यारण का चयन एशियाई शेरों की पुनर्प्रविष्ट स्थल के रूप में किया गया है**

Que – रोहिला राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?

**Ans – हिमाचल प्रदेश में**

Que – "मरुस्थल राष्ट्रीय उद्यान" किसके लिए प्रसिद्ध है ?

**Ans – राजस्थान में स्थित मरुस्थल राष्ट्रीय उद्यान भारतीय सारंग के लिए प्रसिद्ध है**

Que – भारत के किस राज्य में सर्वाधिक संख्या में वन्य जीव अभ्यारण है ?

**Ans – मध्य प्रदेश**

Que – कौन सा राज्य साइबेरियन सारस के लिए आदर्श प्राकृतिक निवास है ?

**Ans – राजस्थान**

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज

SUBSCRIBE US ON WEBSITE RAJASTHAN CLASSES

# इन्हें भी अवश्य पढ़ें ?

- 250+ राजस्थान सामान्य ज्ञान
- राजस्थान सामान्य ज्ञान पार्ट- 1
- राजस्थान सामान्य ज्ञान पार्ट- 2
- राजस्थान सामान्य ज्ञान पार्ट- 3
- राजस्थान सामान्य ज्ञान पार्ट- 4
- राजस्थान के शिलालेख/अभिलेख [नोट्स]

PDF BY- AADARSH KUMAWAT

Join us on Telegram

YouTube

Websites

DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-राजस्थान क्लासेज